हमको मन की शक्ति देना मन विजय करे

हमको मन की शक्ति देना, मन विजय करे ।
दूसरो के जय से पहले खुद को जय करे ।

भेद भाव अपने दिल से साफ़ कर सके,
दोस्तों से भूल हो तो माफ़ कर सके ।
झूठ से बचे रहे,सच का दम भरे ।
दूसरो के जय से पहले खुद को जय करे ।

मुश्किलें पड़े तो हम पे इतना करम कर,
साथ दें तो धर्म का, चलें तो धर्म पर ।
खुद पे हौसला रहे, बदी से ना डरें ।
दूसरो के जय से पहले खुद को जय करे ।

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1202/title/humko-man-ki-shakti-dena-man-vijay-kare-doosro-ki-jay-khud-ko-jay-kare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |